प्रति,

श्री रेल मंत्री महोदय,

रेल मंत्रालय , नई दिल्ली

विषय : प्रतापबाघ से गुदमा कॉर्ड रेल लाइन / गोंदिया बायपास लाइन को बनाने की मांग हेतु।

मान्यवर,

विनम्र निवेदन है कि गोंदिया जिले में प्रस्तावित प्रतापबाग से गुदमा कॉर्ड रेल लाइन / गोंदिया बायपास लाइन का काम जल्द से जल्द प्रारंभ हो , साथ ही गुदमा रेलवे स्टेशन का भविष्य तरीके से पुनर्विकास हो ताकि जबलपुर/बालाघाट/कटंगी/नैनपुर/मंडला फोर्ट/सिवनी/छिंदवाड़ा से दुर्ग,रायपुर के लिए सीधी ट्रेनें प्रारंभ हो सके बिना गोंदिया जाके लोको रिवर्सल करके । गुदमा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो एक्सप्रेस ट्रेनों के हिसाब से , जिसमे गुदमा स्टेशन में 4 प्लेटफार्म होने चाहिए, 1 और 2 नंबर प्लेटफार्म मुख्य लाइन की ट्रेनों के लिए हो और 2,3,4 नंबर प्लेटफार्म बालाघाट से आने वाली ट्रेनों के लिए हो,1 और 2 नंबर प्लेटफार्म के बीच 4 main line और 2 प्लेटफार्म लाइन होने चाहिए और 3 और 4 नंबर प्लेटफार्म के बीच 3 थ्रू लाइन और 2 प्लेटफार्म लाइन होने चाहिए और 3 एक्स्ट्रा लाइन गुड्स ट्रेनों के लिए हो।

स्टेशन में कोच डिस्प्ले बोर्ड और पैसेंजर इनफॉर्मेशन सिस्टम लगाया जाए और भविष्य में कई एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज हो,ताकि बालाघाट से आने वाले यात्रियों को कनेक्टिंग ट्रेनें पकड़ने के लिए गोंदिया स्टेशन न जाना पड़े। प्रतापबाघ से गुदमा कॉर्ड रेल लाइन का कार्य पूर्ण हो । इस तरह बनना चाहिए:



उपरोक्त मांग सभी जिलों (जबलपुर,नैनपुर, बालाघाट,सिवनी,छिंदवाड़ा,कटंगी,मंडला फोर्ट,तुमसर) को हमारे मध्यम से आप तक पहुंचा गया है, आपसे निवेदन है कि इस मांग को आपके माध्यम से उचित कार्यवाही की जाएगी।

धन्यवाद

समस्त सदस्य